# जीएमन कॉलेज में स्वयंसेवकों को ट्रैफिक के नियमों की दी जानकारी



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में एनएसएस यूनिट की ओर से खुड्डा कलां में 7 दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर के 5वें दिन की शुरुआत योग की विभिन्न मुद्राओं से हुई। सत्र की शुरुआत में रोड सेफ्टी क्लब के सहयोग से ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने स्वयंसेवकों को ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि एनएसएस शिविर में अनेक तरह के कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। मौके पर डॉ. धर्मवीर सैनी, डॉ. अनीश, डॉ. सरोज व सेफ्टी क्लब के नोडल ऑफिसर डॉ. चंद्रपाल पूनिया भी उपस्थित रहे।